# राष्ट्रीय सेवा योजना
## कार्यालय, जिला संगठक, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं. 07781–252755, मो.बा. 9893634512 Email Add – chandakbhagwan1@gmail.com


क्रमांक /266./रा.से.यो/जी.स./2024 नारायणपुर, दिनांक 03/07/2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त
महाविद्यालय/विद्यालय,
नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)

विषय :– सत्र 2024–25 हेतु नारायणपुर जिले में एन.एस.एस. गतिविधियों के कार्ययोजना के संबंध में।

––"––

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि सत्र 2024–25 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों का कार्ययोजना संलग्न कर भेजा जा रहा है। प्राचार्य सहित समस्त कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा इसका आद्योपन्त अध्ययन किया जाना आवश्यक है। इसकी अनुपालन सुनिश्चित की जाये। सभी कार्यक्रम प्रभावी एवं स्वयंसेवकों की अधिकतम सहभागिता हो ऐसे प्रयास किये जाने चाहिए। सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु कार्यक्रम अधिकारियों को शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर रा.से.यो. प्रकोष्ठ के ई–मेल nssbvv@gmail.com एवं इस कार्यालय को प्रेषित करना अनिवार्य होगा। जिससे संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना का नियमित गतिविधि, शिविर गतिविधि एवं अन्य कार्यक्रमों के संचालन में सुविधा होगी।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

03/07/2024
(श्री बी.डी.चांडक)
जिला संगठक (रासेयो)
शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय
नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.ग.)

पृ. क्रं. /267/रा.से.यो/जि.स./2024 नारायणपुर, दिनांक 03/07/2024

प्रतिलिपिः–

1. राज्य एन.एस.एस अधिकारी, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, बस्तर को सूचनार्थ।
3. कार्यक्रम समन्वयक रासेयो प्रकोष्ठ, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, बस्तर को सूचनार्थ।

03/07/2024
(श्री बी.डी.चांडक)
जिला संगठक (रासेयो)
शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्याल
नारायणपुर जिला नारायणपुर (छ.

राष्ट्रीय सेवा योजना
कार्यालय, जिला संगठक, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर बस्तर (छ.ग.)
पूर्व का नाम – बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
☎दूरभाष नं. 07781–252755, मो.बा. 9893634512 Email Add – chandakbhagwan1@gmail.com

दिनांक– 02.07.2024

## सत्र 2024–25 में संपादित किये जाने वाले कार्यक्रम की कार्ययोजना

| माह | कार्यक्रम | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| जुलाई | (1) रा.से.यो.के स्वयं सेवकों का पंजीयन | माह के तृतीय सप्ताह तक यह कार्य पूर्ण किया जाय। पंजीयन की जानकारी जिला एवं विश्वविद्यालय को निर्धारित फार्मेट में भेजा जाना। |
| | (2) स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण | जुलाई माह में छात्रों का कम से कम दो अभिमुखीकरण किया जाना। |
| | (3) संस्था एवं जिला स्तर पर सलाहकार समिति का गठन एवं बैठक। | इकाई में जिला स्तरीय सलाहकार समितियों की बैठक आयोजित कर लक्ष्य निर्धारित करना। |
| | (4) पौधारोंपण / प्रागंण सौन्दर्यीकरण | रा.से.यो.इकाईयां अपने संस्था की सफाई एवं परिसर में पौधारोपण करें यथा सम्भव गोदग्राम, सर्वजनिक स्थलों में पौधारोपण किया जावे। |
| | (5) जलसंवर्धन | संबधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर कार्य योजना बनायी जावें प्रत्येक इकाई से कम से कम दो परियोजना पूर्ण करें। एवं नारी शक्ति से जल शक्ति कार्यक्रम का क्रियान्वन किया जाना है। |
| | (6) वन महोत्सव सप्ताह (01 से 15 जुलाई) | वन महोत्सव सप्ताह नामकंन पश्चात हरीहर छ.ग. योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निकायों, वन विभाग के सहयोग से किया जाये। रोपित पौधों को संरक्षण भी किया जावें, यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक जारी रखें। |
| | (7) विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई | भारत में बढ़ती जनसंख्या प्रायः समस्त समस्याओं की जननी है। अतः परिवार नियोजन आदि पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यक्रम आयोजन किया जावें। संगोष्ठी, व्याख्यान माला, निबन्ध एवं रैली का आयोजन। |
| | (8) गाजर घास उन्मूलन | सार्वजनिक स्थलों पर गाजर घांस उन्मूलन के लिए कार्य। |
| अगस्त | (1) स्वच्छ भारत पखवाड़ा 01 अगस्त से 15 अगस्त तक | गोदग्राम एवं संस्था स्थल ग्राम / वार्ड में संम्पूर्ण स्वच्छता अभियान चलाना, कार्यों को आवश्यकतानुसार आगामी माहों में भी जारी रखा जा सकता है। |
| | (2) बुक बैंक योजना | पुराने छात्रों से प्रस्ताव का स्वरूप तैयार कर रजिस्टर में एन्ट्री करें तथा नये सत्र में आवश्यकतानुरूप छात्रों को इश्यू करें। |
| | (3) गोदग्राम में महिला मण्डल, युवा मण्डल आदि का गठन । | पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता / एच.आई.वी. / एड्स में व्याख्यान व प्रशिक्षण। |
| | (4) सद्भावना दिवस, (20 अगस्त) एवं पखवाडा का आयोजन | सद्भावना व स्वस्थ्य विचारों के अभिप्रेरण वाले कार्यक्रम किये जाये विशेष रूप से अल्प संख्यक बस्तियों में श्रमदान का कार्य किया जावे। |
| | (5) कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम | संस्था स्तर पर कैरियर गाईडेन्स (रोजगार मार्गदर्शन) के कार्यक्रम आयोजित किये जायें विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये जायें। यह कार्यक्रम सतत् रुप से अन्य महीनों में भी चलता रहे। |
| | (6) स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में भागीदारी करें, रैली निकालें। |
| | (1) शिक्षक दिवस का आयोजन 05 सितम्बर | शिक्षकों, पूर्व कार्यक्रम अधिकारियों, प्राचार्यो आदि के सम्मान के कार्यक्रम किये जा सकते हैं गंदी बस्ती सुधार कार्यक्रम गोद लिए ग्रामों में विकास कार्यक्रम। |

| | | |
|---|---|---|
| सितम्बर | (2) साक्षरता दिवस का आयोजन (08 सितम्बर) | जिले में साक्षरता मिशन के अधिकारियों के साथ मिलकर रैली व्याख्यान आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते है। |
| | (3) विशेष शिविर हेतु अभिमुखीकरण | स्वयंसेवको को दिशा–निर्देश, शिविर का प्रस्ताव जिला/विश्वविद्यालय को भेजा जाना। |
| | (4) विधिक साक्षरता के कार्यक्रम | विषय विशेषज्ञों से सलाह लेकर कार्यक्रम बनावें एवं संस्था तथा गोदग्राम में विधिवेत्ताओं के कार्यक्रम करें । |
| | (5) एन.एस.एस. स्थपना दिवस का आयोजन (24 सितम्बर) | 24 सितम्बर को स्थापना दिवस के कार्यक्रम का आयोजन शहर/ कस्बे की समस्त इकाईयां मिलकर एक जगह प्रतियोगितायें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित की जायें। |
| | (6) डिजिटलीकरण साक्षारता के कार्यक्रम | थीमः– डिजिटली साक्षरता के लिऐ युवा का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। |
| अक्टूबर | (1) स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (01 अक्टूबर) | ये कार्यक्रम निरंतर चलते रहेंगे। छात्रों की रूचि के अनुसार कार्यो का बटवारा समूह बनाकर किया जाये तथा स्वयंसेवकों के नाम व पता भी संकलित किये जाये। |
| | (2) गांधी जयंती (02 अक्टूबर) | देश में धर्म, सम्प्रदाय, जाति, भाषा व क्षेत्र के आधार पर वर्ग विभाजन एवं आंतरिक कलह की स्थितियों से बचने हेतु जागरूक कार्यक्रम, ग्रामिण क्षेत्रों में विकास हेतु दिवा शिविर (कार्यक्रम गोदग्राम में किया जाना) का आयोजन। महात्मा गांधी के जन्म के 150 वीं जयंती के अवसर पर ग्रामीण विकास एवं स्वच्छता के कार्यक्रम का आयोजन करें । जागरूकता रैली, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। |
| | 1. विश्व हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर<br>2. विश्व शौचालय दिवस 19 अक्टबर<br>3. राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर | उपर्युक्त शीर्षक को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय एकता अखण्डता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। एकता के लिए दौड़ का आयोजन एंव व्याख्यान। |
| नवंवर | (1) विशेष शिविर का आयोजन | स्थानीय समस्याओं को देखते हुऐ आवश्यकतानुसार परियोजना कार्य चयन किया जावें। विशेष शिविर के लिए यथा संभव गोदग्राम से अलग एक ग्राम का चयन करें। |
| | (2) बाल दिवस का आयोजन (14 नवम्बर) | राष्ट्रीय एकता एवं बच्चों का विकास से संबधित विविध कार्यक्रम का आयोजन करें। |
| | (3) कौमी एकता सप्ताह (19 से 25 नवम्बर) | कौमी एकता के लिए व्याख्यान रैली, श्रमदान कार्य किये जाये । |
| | (4) सलाहकार समिति की दूसरी वैठक | सलाहकार समिति की दूसरी बैठक का आयोजन किया जावे। |
| | (5) चयनित ग्राम में कार्यक्रम | चयनित ग्राम में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करें। |
| | (1) विशेष शिविर का आयोजन | नवम्बर माह में यदि विशेष शिविर का आयोजित नही हुआ है तो शिविर के लिए विस्तृत कार्यक्रम योजना तैयार किया जावे तथा श्रमदान संबंधी विशेष परियोजना ली जाये। |
| | (2) विश्व एड्स दिवस का | विश्व एड्स दिवस पर एड्स विषय पर चिकित्सको को आमंत्रित करके के |

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | आयोजन (01 दिसम्बर) | व्याख्यान रैली, भाषण–निबंध चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है। |
| | (3) मावन अधिकार दिवस (10 दिसम्बर) | मानव अधिकार से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन। |
| जनवरी | (1) राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) | स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा चेतना रैली तथा व्याख्यान आदि कार्यक्रम का आयोजन। |
| | (2) युवा सप्ताह (12 से 18 जनवरी | 12 से 18 जनवरी तक विविध कार्यक्रम आयोजित किया जावें युवा व खेल विभाग का भी सहयोग लिया जाये। कार्यक्रमों में सम्मिलित छात्रों को |
| | (3) राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर शिविरों में भी भागीदारी | प्रमाणपत्र/स्मृतिचिन्ह संस्था/जिला स्तर पर दिया जाये।<br>राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर शिविरों में विश्वविद्यालय से चयनित छात्रों को भेजा जाना। |
| | (4) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) | संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों मे भागीदारी एवं छात्रों के लिए गणतंत्र के महत्व पर व्याख्यान आयोजन किया जाना है। |
| | (5) शहीद दिवस (30 जनवरी) | देश की स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए व्यक्तियों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। |
| फरवरी | (1) ए. एवं.बी प्रमाण पत्र हेतु परीक्षा | ए. एवं.बी. प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित की जायेगी। |
| | (2) सी.प्रमाण पत्र हेतु प्रोजेक्ट का अग्रेषण। | सी. प्रमाण पत्र हेतु परियोजना का विश्वविद्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करें। |
| | (3) वार्षिक लेखा प्रेषण, वार्षिक प्रतिवेदन का प्रेषण | लेखा एवं वार्षिक प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को अनिवार्यतः प्रेषित करें। |
| मार्च | (1) विश्व वानिकी दिवस | वन विभाग के सहयोग से वनों के विकास संबंधित कार्यक्रम । |
| | (2) अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) | महिलाओं के विकास तथा उचित सम्मान हेतु कार्यक्रम। |
| | (3) राशि का समायोजन | सभी एन.एस.एस. संस्थाएं अग्रिम का समायोजन करें तथा शेष राशि यदि हो तो वापस विश्वविद्यालय को प्रेषित की जायें। |
| अप्रेल | (1) विश्व स्वास्थ्य दिवस | जनभागीदार बढ़े ऐसा प्रयास करें। स्वाथ्य विभाग के सहयोग से ग्रीष्म कालीन चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन किया जायेगा। |
| | (2) रा.से.यो.राज्य की पत्रिका सम्पर्ण हेतु गतिविधि/आलेख वि.वि. प्रकोष्ठ को भेजा जाना। | स्वयंसेवकों द्वारा चयनित उत्सकृष्ठ रा.से.यो. कार्यों का प्रतिवेदन/अनुभव इत्यादि भेजा जाना। |
| मई | (1) पोषक खाद्य दिवस | खाद्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा सकता है। |
| | (2) आतंकवाद. विराध दिवस | देश में बढ़ते आतंकवाद के बारे में युवाओं को चैतन्य करने एवं अपनी बात शांति से रखने हेतु प्रेरणास्पद कार्यक्रम किया जावें। |
| | (3) पुरस्कारों हेतु प्रस्ताव प्रेषण। | उपयुक्त स्वयंसेवको एवं कार्यक्रम अधिकारियों से राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों हेतु आवेदन प्रेषित किया जाना है। |
| | (4) ग्रीष्मकालीन विशष शिविर में भागीदारी | ग्रीष्मअवकाश के दौरान शिविर आयोजित होंगे तथा अवकाश में अपने–अपने गांवो और नगरों में रा.से.यो. छात्र नियमित रूप से स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए सेवा कार्य हाथ में लेंगे। |
| | (1) पूर्व स्वयंसेवकों व अधिकारियों का मिलन समारोह | पूर्व स्वयंसेवकों के अनुभवों का लाभ लिया जाय नगर या जिला स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन व मार्गदर्शन। |
| | (2) विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून | विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों के विभिन्न वर्गों के लिए चित्रकला निबंध प्रतियोगिता का आयोजित की जा सकती है। जागरूकता रैली का |

| | | |
|---|---|---|
| | | आयोजन। |
| जून | (3) अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून | विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों / स्कूलों में योगाभ्यास का सामूहिक प्रदर्शन जागरूकता हेतु रैली, व्याख्यान माला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियॉ। |
| | (4) शाला त्यागी बच्चों के स्कूल प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने संबंधी कार्यक्रम। | शाला त्यागी बच्चों के लिए स्वयंसेवक स्तर से अभियान चलाया जाना चाहिए। |

कार्ययोजना में प्रस्तावित उक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के समय–समय पर जारी विशेष कार्यक्रमों को भी संचालित करना आवश्यक होगा ।

**नवाचार कार्ययोजना** :– (1) विकसित भारत @2047 एवं माई भारत पोर्टल में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से एन.एस.एस. गतिविधियों को डिजिटल बनाना (2) स्वयंसेवकों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार हेतु प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन (3) राष्ट्रीय स्तर के कार्य शाला का आयोजन।

---

नोटः– महात्मा गांधी जी के विचारों को संगोष्ठी एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से प्रचार–प्रसार माह में कम से कम दो दिन अनिवार्य रूप से करें। फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग विश्वविद्यालय के रा.से.यो. प्रकोष्ठ को अवश्य भेंजे।

---

दिनांकः– 02.07.2024
स्थानः– नारायणपुर (छ.ग.)

BDChandak 2/07/2024

(श्री बी.डी.चाण्डक)
जिला संगठक, रा.से.यो.
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)